कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–10, दिसम्बर, 2008

# मजबूत निर्माण के लिए "कामधेनु सुपर सीमेंट"




जम्मू में कामधेनु सुपर सीमेंट की लांचिंग के दौरान (बाएं से) श्री डी.पी. सिंह, पार्टनर, केसीएल ट्रेडिंग कंपनी, कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट, श्री अनिल टंडन, एजीएम–मार्केटिंग श्री सुनील सिंह एवं एजीएम–ब्रांड प्रोमोशन श्री अमित सोनी।

सुपर मैन, सुपर हीरो, सुपर कंप्यूटर यानी हर तरफ सुपर पावर की धूम ! सच कहें तो सुपर पावर आज हर किसी की कल्पनाओं में घर बना चुका है। यहाँ तक कि अपने घर को भी सुपर शक्ति से लैस करने की बातें होती हैं। तो फिर देर किस बात की ? कामधेनु इस्पात लिमिटेड आपके लिए लेकर आया है "कामधेनु सुपर सीमेंट" जिसके जरिए आप अपनी कल्पनाओं को हकीकत में बदल सकते हैं।

बुनियादी क्षेत्र की जानी–मानी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड के "कामधेनु सुपर सीमेट" को एक औपचारिक समारोह के दौरान जम्मू के उपभोक्ताओं के बीच पेश किया गया। 25 नवंबर को जम्मू के होटल "रीविएरा फाउंटेन" में इस नए उत्पाद को लांच करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट श्री अनिल टंडन ने कहा कि कामधेनु सुपर सीमेंट अद्भुत बांडिंग क्षमता से युक्त है, जो आपके भवन की नींव को मजबूत बनाता है। इसमें मोर्टार को कसकर जकड़ने की क्षमता है, जिससे आपका हर निर्माण अत्यंत सुदृढ़ एवं अनोखी शक्ति से युक्त हो जाता है। कामधेनु सुपर सीमेंट में इस्तेमाल किए गए मिनरल्स एवं इसकी रासायनिक संरचना को उत्कृष्ट गुणवत्ता से परिपूर्ण बनाने के लिए इनका अत्यंत बारीकी से शोध एवं निरीक्षण किया जाता है। इस प्रकार कामधेनु सुपर सीमेंट से तैयार हर निर्माण मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पूरे शानो–शौकत से साथ खड़ा रहता है।"



कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वी पी श्री अनिल टंडन प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए ।

कंपनी के इस नए उत्पाद पर अपने भरोसे को श्री टंडन के कुछ इस अंदाज में व्यक्त किया "कंपनी का यह उत्पाद बाजार में मौजूद अन्य सीमेंट उत्पादों के लिए चुनौती बनकर आया है। हमने अपनी आविष्कारी तकनीकों के जरिए सदैव अपनी उपलब्धियों का माइलस्टोन बनाया है। कामधेनु सुपर सीमेंट इसी कड़ी का एक अनूठा उत्पाद है।

अत्यंत विशिष्ट गुणों से भरपूर होने के बावजूद कामधेनु सुपर सीमेंट आपकी जेब पर कोई अतिरिक्त भार नहीं डालता। इसी कारण यह किफायती होने के साथ–साथ करामाती भी है। किफायती दरों में उपलब्ध प्रीमियम क्वालिटी का यह उत्पाद उपभोक्ताओं को अपने मनपसंद निर्माण का एक बेहतरीन विकल्प देता है।

कामधेनु सुपर सीमेंट को वर्तमान में देश के 6 प्रांतों में उतारा गया है। जम्मू क्षेत्र में इस उत्पाद के लिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने केसीएल ट्रेडिंग कंपनी के साथ समझौता किया है। इस प्रकार केसीएल ट्रेडिंग कंपनी को कामधेनु सुपर सीमेंट के उत्पादन का लाइसेंसी अधिकार हासिल है। इस कंपनी के पार्टनर श्री डी.पी. सिंह के अनुसार "हम कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ जुड़कर अत्यंत उत्साहित हैं। हमें पूरा भरोसा है कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ हमारा यह सफर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा और हमारे आपसी सहयोग एवं सूझ–बूझ के साथ कामधेनु सुपर सीमेंट शीघ्र ही देश के कोने–कोने में उपलब्ध होगा। इस प्रकार देश के हर उपभोक्ता तक अपनी पहुँच बनाने के साथ ही हर निर्माण को सुपर शक्ति का निर्माण बनाने का हमारा संकल्प और मजबूत होगा" । इस

# कामधेनु होम्ज़ के पूरा होने पर आध्यात्मिक महासत्संग


कामधेनु होम्ज़ के पहले हाउसिंग प्रोजेक्ट क्रीसेंट–1 के सफलतापूर्वक पूरा होने पर कंपनी की ओर से 7 दिसंबर को पंजाब के ज़िरकपुर (मोहाली) में एक आध्यात्मिक महासत्संग का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सुविख्यात आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी के अनुयायी श्री वासाजी महाराज के आशीर्वचनों एवं आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा के प्रवाह से हर कोई भक्ति के रंग में रम गया। तकरीबन 1500 लोगों की उपस्थिति में यह आयोजन कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लिए बड़ा ही महत्वपूर्ण साबित हुआ। आज जिस तरह देशभर में भय और आतंक का माहौल बना हुआ है, हर कोई अमन और शांति के लिए फिक्रमंद है। ऐसे में अध्यात्म की धारा जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। इससे न केवल लोगों के बीच विश्वास बढ़ता है, बल्कि संदेह और आशंकाओं के द्वार भी बंद होते हैं। समारोह में आए सभी लोगों ने कंपनी की इस सकारात्मक पहल की सराहना की और साथ ही कामधेनु होम्ज़ द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की भी जमकर तारीफ की। महासत्संग का समापन महाप्रसाद के साथ हुआ, जिसमें लोगों ने शानदार लंच का लुत्फ उठाया।



समारोह की अध्यक्षता कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने की। इस मौके पर कामधेनु की फ्रेंचाइजी इकाई "फोकस इंफ्रास्ट्रक्चर्स " के सभी निदेशकगण, "आर. के. इंडस्ट्रीज", मंडी गोविन्दगढ, पंजाब के निदेशक श्री रमेश गोयल एवं ट्राईसिटी (चंडीगढ़/पंचकुला/मोहाली/ज़िरकपुर) के कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। कामधेनु होम्ज़ का यह प्रोजेक्ट पंजाब के पंचकुला शहर से केवल 2 किमी. तथा चंडीगढ़ से 4 किमी. की दूरी पर है। एक बेहतरीन लोकेशन पर एक शानदार प्रोजेक्ट की नींव रखकर कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने कामोनु होम्ज़ के जरिए हाउसिंग क्षेत्र में कामयाबी का एक नया अध्याय लिखा है। क्रीसेंट–1 के अंतर्गत निर्मित भवन अत्यंत आकर्षक होने के साथ–साथ आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त हैं। इसमें 3 बीएचके फ्लैट्स के साथ–साथ उच्चस्तरीय जिम, स्टीम सोना बाथ, स्वीमिंग पुल एवं कार्डियक/शारीरिक व्यायाम की शानदार व्यवस्था है। इतना ही नहीं, प्रकृति के करीब होने का एहसास दिलाने के लिए इसमें सूरज की रोशनी, हवा और हरियाली का विशेष ध्यान रखा गया है, जो क्रीसेंट–1 को अपने तरह का एक खास प्रोजेक्ट साबित करता है।

इस

---





# आतंक पर कसती लगाम

26 नवंबर को देश की आर्थिक राजधानी कहे जानेवाले महानगर मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह राजनीतिक हलचल तेज हुई है, इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस बार वाकई पानी सर से ऊपर जा चुका है। विदेश मंत्री श्री प्रणव मुखर्जी अन्तरराष्ट्रीय बिरादरी को साथ लेकर आतंक के प्रमुख स्त्रोत बने पाकिस्तान पर दबाव बनाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका से मिल रहे संकेतों ने पड़ोसी देश के कान खड़े कर दिए हैं। इसके बावजूद वह झूठे आरोपों के दम पर अपना दामन बचाने में जुटा हुआ है। आतंकी हमलों में पाकिस्तान की सरजमीं के इस्तेमाल के पर्याप्त सुबूत होने के बावजूद पाकिस्तान अपने यहाँ हो रही आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाने में आनाकानी कर रहा है। यही वजह है कि अन्तराष्ट्रीय बिरादरी इस बार भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान में फल–फूल रहे आतंक की जड़ों को उखाड़ने के प्रति गंभीर है। वजह साफ है कि आतंक के साए से हर कोई निजात पाना चाहता है।

भारत के पाँच प्रांतों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने भले ही आतंक और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर विकास को प्राथमिकता दी है, मगर जहाँ तक देश एवं इसकी जनता की सुरक्षा का सवाल है, अगर इसमें कोताही बरती गयी तो निकट भविष्य में और भी गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

आम आदमी इसी आशंका में जी रहा है कि आतंक के इस कहर को रोकने के लिए भारत क्या इस बार कोई ऐसा अभूतपूर्व कठम उठा सकता है, जिससे आतंकियों के नापाक इरादे कामयाब ना होने पाए। इसके लिए सरकार पर चौतरफा दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, इस हमले से अन्तराष्ट्रीय बिरादरी में भारत की कमजोरियाँ भी उजागर हुई हैं। इन सबके बीच हौसलों की उड़ान के साथ मुंबई का होटल ताज (न्यू) एवं होटल ट्राइडेंट ओबेराय एक बार फिर से अतिथियों के स्वागत के लिए तैयार है। अब देखना यह है कि देश के राजनेता कब अपने हितों को त्यागकर देशहित के लिए कोई सख्त कदम उठाते हैं।

इस

# फिरोजपुर एवं मोगा जिले में कामधेनु की सीएपी

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों की विस्तृत जानकारी देने के लिए आयोजित किया जानेवाला उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम (सीएपी) इस बार पंजाब के फिरोजपुर एवं मोगा जिले में आयोजित किया गया। फिरोजपुर जिले के आबोहर शहर में 15 नवंबर को आयोजित सीएपी में निकटवर्ती क्षेत्रों के लगभग 120 लोहार भाईयों एवं 10 जाने–माने वास्तुकारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री विनोद कुमार गहलोत, श्री राजीव माथुर, वरिष्ठ प्रबंधक (तकनीकी) श्री दीपक सिंह, कंपनी के पंजाब प्रांत के डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिनेश राठी एवं स्थानीय डीलरों के प्रमुख श्री राजीव गोयल भी समारोह में मौजूद थे। स्थानीय डीलर मेसर्स मोहनलाल मदनलाल आयरन स्टोर ने समारोह के आयोजन में सक्रिय योगदान दिया।




बाएं से श्री राजीव माथुर, श्री विनोद कुमार गहलोत, महाप्रबंधक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड, श्री राजेंन्द्र जिंदल, डीलर, मेसर्स जिंदल आयरन स्टोर, डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिनेश राठी, श्री दीपक सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक, तकनीकी ।

इसी तरह की एक सीएपी का आयोजन मोगा जिले के निहाल सिंह वाला शहर में 21 नवंबर को हुआ, जिसमें कंपनी के उपरोक्त अधिकारियों के अलावा स्थानीय डीलरों के प्रमुख श्री राजेंन्द्र जिंदल ने भी हिस्सा लिया। इस आयोजन में तकरीबन 150 लोहार भाईयों के साथ–साथ 10 डीलर भी शामिल हुए। स्थानीय डीलर मेसर्स जिंदल आयरन स्टोर ने आयोजन की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

समारोह में आए वास्तुकारों एवं लोहार भाईयों को संबोधित करते हुए श्री गहलोत ने कहा "कामधेनु सरिया आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप विशिष्ट गुणों से युक्त है। यही वजह है कि उपभोक्ताओं की नजर में यह उत्पाद विश्वसनीयता का प्रतीक बन गया है। कंपनी के उत्पादों ने बिल्डरों के साथ–साथ लोहार भाईयों की विश्वसनीयता को भी बढ़ाया है। इसी भरोसे के दम पर कंपनी ने कई अन्य क्षेत्रों में अपना विस्तार किया है, और कामयाबी का यह सफर अनवरत रूप से जारी है।" इस अवसर पर श्री राजीव माथुर ने लोहार भाइयों के सवालों का संतुष्टिपूर्ण जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया जबकि श्री दीपक सिंह ने कामधेनु सरिया की गुणवत्ता के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।




दाएं से श्री राजीव माथुर, श्री विनोद कुमार गहलोत, महाप्रबंधक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड, श्री राजीव गोयल, डीलर मेसर्स मोहनलाल मदनलाल आयरन स्टोर, डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिनेश राठी ।

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08



# उदयपुर एवं जालंधर में खुले कामधेनु पेंट के नए डिपो



बाएं से श्री राजकुमार, एसएसएम–जालंधर, श्री सुब्रोतो उपाध्याय, डीजीएम–पेंट्स, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मैनेजर–वर्क्स, श्री भजनलाल, सी एण्ड एफ–पंजाब, श्री परमिंदर सिंह, एसएम, जालंधर।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट शाखा "कलर ड्रीम्ज़" के उत्पादों को शीघ्रता से उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के मकसद से उदयपुर एवं जालंधर में दो नए सेल्स डिपो खोले गए हैं। राजस्थान के उदयपुर में ट्रांसपोर्ट नगर के निकट सेक्टर 14 में प्लॉट सं. 3 एवं 4, जे ब्लॉक, हिरण नगरी में 13 दिसंबर को कामधेनु पेंट के नए डिपो के उद्घाटन के मौके पर मेसर्स अग्रवाल बी. टी. एंड संस, उदयपुर के श्री आर. के. अग्रवाल ने समारोह में मुख्य अतिथि की भूमिका निभायी। कामधेनु इस्पात लिमिटेड(पेंट डिवीजन) की ओर से कंपनी के सी एण्ड एफ श्री हेमंत प्रभाकर, श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम–पेंट्स), श्री अजय गुप्ता (डीएसएम–राजस्थान), श्री एच. एन. मोदी,( महाप्रबंधक–विपणन, स्टील), श्री बी. एल. अजमेरा, श्री दीपक पारेख, श्री विकास पातीदार एवं श्री मयंक शर्मा इस मौके पर मौजूद थे। समारोह में कामधेनु पेंट के डीलरों मेसर्स महाराजा पेंट्स एवं मेसर्स जैन हार्डवेयर ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

इससे पहले 25 नवंबर को जालंधर के न्यू गोपालनगर में प्लॉट संख्या 8 पर (न्यू ग्रेन मार्केट के सामने) कामधेनु पेंट का एक नया डिपो खोला गया। इस डिपो के उद्घाटन के मौके पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड(पेंट डिवीजन) के सी एण्ड एफ श्री भजनलाल के अलावा श्री राजकुमार श्रीवास्तव (मैनेजर–वर्क्स), श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम–पेंट्स), श्री अरविंद कपूर (डीएसएम), श्री राजकुमार एवं श्री परमिंदर सिंह भी मौजूद थे।



बाएं से श्री हेमंत प्रभाकर एवं श्री रावत, सी एण्ड एफ, राजस्थान डिवीजन, मुख्य अतिथि श्री आर. के. अग्रवाल, मेसर्स अग्रवाल बी. टी. एंड संस, उदयपुर, श्री एच.एन. मोदी, महाप्रबंधक–विपणन, स्टील, श्री सुब्रोतो उपाध्याय, डीजीएम–पेंट्स, श्री बी. एल. अजमेरा, एएसएम–राजस्थान, श्री अजय गुप्ता, डीएसएम–राजस्थान/गुजरात।

## "दिल्ली के नारायणा में खुला नया प्रोजेक्ट सेल्स ऑफिस"

कामधेनु पेंट्स का नया प्रोजेक्ट सेल्स ऑफिस दिल्ली के नारायणा इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज–1, कम्युनिटी सेंटर में 15 दिसंबर को खोला गया। इस अवसर पर कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि की भूमिका निभायी। श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा "कामधेनु पेंट का नाम अब लोगों की जुबान पर चढ़ गया है। बाजार में मौजूद अन्य पेंट उत्पादों की तुलना में कामधेनु पेंट्स के उत्पाद विश्वसनीयता के पैमाने पर कहीं अधिक फिट बैठते हैं। इसलिए देश भर के उपभोक्ताओं की ओर से इन उत्पादों की माँग सामने आ रही है। उपभोक्ताओं के भरोसे को देखते हुए कामधेनु पेंट के उत्पादों को शीघ्र ही देश भर में उपलब्ध कराना हमारा पहला दायित्व है।"

नारायणा में कामधेनु पेंट्स के सेल्स ऑफिस के उद्घाटन समारोह में कंपनी की ओर से श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम), श्री रत्नेश भटनागर (प्रोजेक्ट हेड), श्री राजेश सिंह, श्री सौरभ हंस, श्री विकास सरीन, श्री सुनील मिश्रा एवं श्री मनीष उज्ज्वल भी मौजूद थे। इस

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री देवेन्द्र सिंह
मेसर्स राधिका ट्रेडिंग कंपनी
सेक्टर – 66, 67, मेन रोड
ममूरा, नोएडा
मो.:– 09810222522

श्री कमल, श्री पवन
मेसर्स बनवारी लाल सुरेश कुमार
जी.टी. पटियाला रोड, राजपुरा
जिला – पटियाला, पंजाब
फोन : 0175–263322
मो.:– 9814271915

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com